





# भारत को मिला सिर्फ 121 का लक्ष्य

## चौथे दिन का खेल कुलदीप यादव के बाद बुमराह के नाम रहा

**नई दिल्ली 13 अक्टूबर.** दिल्ली टेस्ट में चौथा दिन खत्म होने तक भारतीय टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 63 रन बना लिए हैं. टीम इंडिया को अभी जीत के लिए 58 रन और बनाने हैं. चौथे दिन स्टंप्स तक केएल राहुल और साई सुदर्शन क्रीज पर डटे हैं. चौथे दिन

**वेस्टइंडीज की दूसरी पारी 390 रन पर सिमटी**

**होप और कैम्पबेल के बीच हुई थी 177 रन की साझेदारी**

**भारत ने दूसरी पारी में 1 विकेट पर 63 रन बना लिए हैं**

> भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को फॉलोऑन खिलाया था. ब?त के कारण भारतीय टीम को 121 रनों का टारगेट मिला. दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल बैटिंग करने आए, तो तेज खेलने के चक्कर में सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए. चौथे दिन भारत ने सिर्फ जायसवाल का विकेट गंवाया. केएल राहुल ने 25 रन और सुदर्शन अभी 30 रन बनाकर खेल रहे हैं. पांचवें दिन टीम इंडिया को जीत के लिए सिर्फ 58 रन और बनाने होंगे.

वेस्टइंडीज की दूसरी पारी 390 रनों पर सिमट गई थी, वहीं पहली पारी में बढ़त के आधार पर टीम इंडिया को 121 रनों का लक्ष्य मिला.

चौथे दिन वेस्टइंडीज ने 170/2 से अपने स्कोर को आगे बढ़ाया. शाय होप और जॉन कैंपबेल तीसरे 135 रनों की साझेदारी कर चुके थे. चौथे दिन भी दोनों ने सधे हुए अंदाज में पारी को आगे बढ़ाया. शाय होप ने अपने टेस्ट करियर का तीसरा शतक लगाया. बता दें कि होप का टेस्ट में शतक 8 साल के बाद आया है, उनकी पारी 103 रनों पर खत्म हुई. दूसरी ओर जॉन कैंपबेल ने 115 रन बनाए. कैंपबेल और होप ने 177 रनों की पार्टनरशिप करके वेस्टइंडीज को पारी की हार से बचाया. होप जब 103 रन बनाकर आउट हुए, तब वेस्टइंडीज ने 271 के स्कोर पर चौथा विकेट गंवाया था. उसके बाद विकेटों का पतझड़ शुरू हुआ, क्योंकि अगले 40 रनों के भीतर वेस्टइंडीज ने अगले 5 विकेट गंवा दिए थे. 10वें विकेट के लिए जेडन सील्स और जस्टिन ग्रीव्स ने 79 रनों की साझेदारी कर टीम को 390 के स्कोर तक पहुंचाया. जसप्रीत बुमराह ने चौथे दिन वेस्टइंडीज के लोवर ऑर्डर बल्लेबाजों को झकझोर कर रख दिया. वेस्टइंडीज के आखिरी 3 बल्लेबाजों को बुमराह ने ही आउट किया.

# इस्तांबुल में हरिहरन का जलवा, जीते दो खिताब

## एमआर अर्जुन के साथ पुरुष युगल तो त्रिशा जॉली संग मिश्रित युगल खिताब जीता

**इस्तांबुल (तुर्किए), 13 अक्टूबर। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हरिहरन अम्मसकरुनन ने तुर्किए इंटरनेशनल चैलेंज 2025 टूर्नामेंट में मिश्रित युगल और पुरुष युगल के दो खिताब जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।**

- पुरुष युगल में जापान की जोड़ी को किया पराजित
- मिश्रित युगल में इंडोनेशियाई को हराया




हरिहरन ने त्रिशा जॉली के साथ जोड़ी बनाकर मिश्रित युगल फाइनल में इंडोनेशिया के एम नवाफ खोइरियानसयाह और नहया मुहयिफा की जोड़ी को 52 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-14,18-21,21-11 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इसके तुरंत बाद, हरिहरन ने एमआर अर्जुन के साथ मिलकर पुरुष युगल का खिताब भी जीता। भारतीय जोड़ी ने इस मुकाबले में जापान के यूटो नोदा और शुन्या ओटा की जोड़ी को आधे घंटे से भी कम समय में 21-13,21-6 के सीधे गेमों में आसानी से मात दी।यह हरिहरन और अर्जुन की लगातार दूसरी खिताबी जीत है। इससे पहले, दोनों ने इसी महीने अल ऐन मास्टर्स 2025 में भी पुरुष युगल का खिताब जीता था, जो उनकी शानदार फॉर्म को दर्शाता है।

# रिसाको किंजो ने कुश्ती से लिया संन्यास

**टोक्यो 13 अक्टूबर.** जापान की डबल ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और चार बार की विश्व चैंपियन रिसाको किंजो ने 30 साल की उम्र में कुश्ती से संन्यास की घोषणा कर दी है।

**2016 रियो और 2021 टोक्यो ओलंपिक में जीते थे स्वर्ण पदक**

**63 और 57 किलोग्राम वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया**



> संन्यास की घोषणा करते हुए किंजो ने कहा कि उन्हें अपने खेल करियर से %परिपूर्णता की भावना% मिली है।किंजो ने अपने शानदार करियर में दो ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते- उन्होंने 2016 रियो खेलों में 63 किलोग्राम वर्ग में और पाँच साल बाद घरेलू सरजमीं पर 2021 टोक्यो ओलंपिक में 57 किलोग्राम वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उन्होंने 2024 में अपनी अंतिम विश्व चैंपियनशिप जीती थी, जो उनके पहले बच्चे के जन्म के दो साल बाद आई थी। किंजो ने कहा, मैंने एक एथलीट होने से मिलने वाले सभी आनंद का अनुभव किया है। मैं परिपूर्ण महसूस करती हूँ। उल्लेखनीय है कि उनकी बहन युकाको ने भी टोक्यो खेलों में 62 किलोग्राम वर्ग में कुश्ती का स्वर्ण पदक जीता था।

### उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग सीजन 2 की खिलाड़ी नीलामी 3 नवंबर को

**नोयडा,13 अक्टूबर (वार्ता)** एसजे अपलिफ्ट कबड्डी द्वारा परिकल्पित और संचालित, तथा उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ द्वारा अनुमोदित, उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) ने घोषणा की है कि सीज़न 2 के खिलाड़ियों की नीलामी 3 नवंबर को नोएडा में होगी। यह नीलामी क्रिकबैटल द्वारा संचालित होगी, जो एक नीलामी प्रौद्योगिकी कंपनी है और जिसे यूपीकेएल का आधिकारिक नीलामी भागीदार नियुक्त किया

## एक नजर में



### भारतीय जूनियर शटलर्स ने किया धमाका

**गुवाहाटी.** भारतीय शटलर्स ने गुवाहाटी के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में सोमवार को शुरू हुई बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप में अपने व्यक्तिगत अभियान की शानदार शुरुआत की और सभी खिलाड़ियों ने अपने पहले राउंड के मैच जीतकर उम्मीदें बढ़ा दीं। भारतीय खिलाड़ियों पर अपने मुकाबलों में कोई दबाव नहीं देखा गया। लालथाजुला ह्मार ने पहला मुकाबला खेलते हुए मात्र 14 मिनट में युगांडा के डेनिस मुकासा को 15-4, 15-4 से हराया। वहीं, बॉयज़ सिंगल्स में ज्ञाना दत्त ने हंगरी के मिलान मेस्तरहाज़ी को 5-15, 15-7, 15-7 से हराया। एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली वेण्णाला के ने गर्ल्स सिंगल्स में आयरलैंड की सियोफ़्रा फ्लिन को 15-1, 15-6 से मात दी। ज्ञाना दत्त, जिन्होंने टीम इवेंट में एक भी मैच नहीं खेला था, पहले दिन संघर्ष करते नजर आए। अब वे दूसरे राउंड में ब्राजील के जोआकिम मेंडोंका से भिड़ेंगे। मिक्स्ड डबल्स में भारतीय जोड़ी वंश देव और डायंका वाल्डिया ने इंग्लैंड की एनीश नायर और मिया फॉक्स को 15-6, 15-11 से हराया। विष्णु केधर कोडे और कीर्ती मंचला ने घाना की जोड़ी ओबापोंबा अदु-मिनताह और मोसलेना अमा कोरामा को 15-7, 15-8 से पराजित किया। वहीं, सी लालरमसांगा और तारिनी सूरी ने आयरलैंड की जोड़ी सेनान ओ%रॉर्क और मिशेल शौचन को 15-13, 15-9 से मात दी।

### पाक के सबसे बुजुर्ग क्रिकेटर वजीर मोहम्मद का निधन

कराची, 13 अक्टूबर ।पाकिस्तान के सबसे बुजुर्ग क्रिकेटर वजीर मोहम्मद का सोमवार को 95 वर्ष की आयु में बर्मिंघम (इंग्लैंड) में निधन हो गया ।टेस्ट खिलाड़ी हनीफ, मुश्ताक और सादिक मोहम्मद के बड़े भाई वजीर ने 1952 से 59 के बीच 20 टेस्ट मैच खेले। वह 1952 में पहली बार टेस्ट श्रृंखला खेलने वाली पाकिस्तानी टीम के सबसे बुजुर्ग जीवित सदस्य थे ।प्रसिद्ध मोहम्मद बंधुओं के परिवार में सबसे बड़े वजीर ने संन्यास के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सलाहकार के रूप में भी काम किया। इसके बाद वे ब्रिटेन चले गए जहां उनका निधन हुआ। अपने अन्य भाइयों की तरह कलात्मक बल्लेबाज वज़ीर ने पाकिस्तान की शुरुआती टेस्ट जीत में कुछ यादगार पारियां खेलीं। इसमें 1957-58 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में खेली गई 189 रनों की मैराथन पारी भी शामिल है, जिसने पाकिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह 42 रन के साथ 1954 में ओवल टेस्ट जीत दर्ज करने वाली पाकिस्तान टीम के शीर्ष स्कोरर भी रहे।

### घाना ने कोमोरोस को हराया

**अकारा.** घाना ने रविवार को अपने अंतिम क्वालिफायर मुकाबले में कोमोरोस को 1-0 से हराकर 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। मैच में सिर्फ एक अंक की जरूरत होने के बावजूद घाना ने आक्रामक शुरुआत की। कोमोरोस, जिसने क्वालिफायर में घाना को एकमात्र हार दी थी, ने कड़ा मुकाबला पेश किया और तीसरे मिनट में ही गोल करने का मौका बनाया। हालांकि पहला हाफ गोलरहित रहा। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही टोटेनहम हॉटस्पर के मिडफील्डर मोहम्मद कुदुस ने 47वें मिनट में गोल दागकर लगभग 35 हजार दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस जीत के साथ घाना ने ग्रुप । में 25 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया। मदागास्कर 19 अंकों के साथ दूसरे और माली 18 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। वहीं कोमोरोस, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक और चाड क्रमश: 15, 8 और 1 अंक के साथ पीछे रहे। घाना इससे पहले 2006, 2010, 2014 और 2022 में फीफा विश्व कप खेल चुका है। टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2010 में रहा था, जब वह क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी

एशियाई टेबल टेनिस

# भारत की पदक उम्मीदें टूटीं

**भुवनेश्वर, 13 अक्टूबर।** भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम की एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप 2025 में पदक जीतने की उम्मीदें क्वार्टर फाइनल में हांगकांग से 0-3 से हारकर समाप्त हो गईं।

- हांगकांग से 0-3 से हारा पुरुष दल

रविवार रात कलिंगा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में हांगकांग के खिलाड़ियों ने बेहतरीन अनुशासन और मानसिक स्थिरता का प्रदर्शन करते हुए भारत को क्लीन स्वीप कर दिया। पहले मैच में, 72वें नंबर के खिलाड़ी मानुष शाह 48वें स्थान पर काबिज वोंग चुन-टिंग के खिलाफ 3-0 (11-5, 11-9, 13-11) से हार गए। दूसरे मैच में, विश्व के 39वें नंबर के खिलाड़ी मानव ठक्कर ने 59वें स्थान पर काबिज चैन बाल्डविन को कड़ी टक्कर दी, लेकिन रोमांचक मुकाबले में 3-2 (11-8, 11-8, 10-12, 9-11, 11-8) से हार गए। तीसरे मैच में, युवा अंकुर भट्टाचार्य ने भी लैम सियु हांग के खिलाफ जोरदार प्रयास किया, लेकिन 3-2 (7-11, 11-9, 12-14, 11-6, 11-7) से हार गए.

# जोशना चिनप्पा ने जापान ओपन खिताब जीता

## मिस्र की हया अली को हराकर कॅरियर का 11वां पीएसए खिताब पाया



**योकोहामा (जापान) 13 अक्टूबर। दो बार की एशियन चैंपियन भारत की जोशना चिनप्पा ने सोमवार को एक बार फिर दमदार प्रदर्शन करते हुए जापान ओपन 2025 स्क्वैश टूर्नामेंट में मिस्र की हया अली को हराकर महिला एकल का खिताब अपने नाम किया।**

आज यहां खेले गये मुकाबले में 39 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त दुनिया की 53वें नंबर की मिस्र की हया अली को 11-5, 11-9, 6-11, 11-8 से हराकर पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन का समापन किया। यह उनके करियर का 11वां पीएसए खिताब है।

> पूर्व विश्व नंबर 10 स्क्वैश खिलाड़ी, जोशना हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 के बाद घुटने की सर्जरी के बाद से शानदार वापसी कर रही हैं। एशियन गेम्स में वह भारत की कांस्य पदक विजेता महिला टीम का भी हिस्सा थीं।

# 14 वर्षीय वैभव बने बिहार रणजी टीम के उपकप्तान

## अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के बाद युवा खिलाड़ी को टीम में अहम जिम्मेदारी मिली



**पटना, 13 अक्टूबर** .बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीज़न के शुरुआती दो राउंड्स के लिए 14 वर्षीय युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को टीम का उपकप्तान नियुक्त कर एक बड़ा फैसला लिया है। टीम की कमान अनुभवी बल्लेबाज साकिबुल गनी को सौंपी गई है।

सीज़न शुरू होने से महज दो दिन पहले की गई यह घोषणा वैभव की हालिया शानदार फॉर्म का परिणाम है, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। बीसीसीआई के निर्देश के बाद बीसीए को जल्द ही पाँच सदस्यीय चयन समिति गठित करने के आदेश भी दिए गए हैं, जिसके तहत फिलहाल दो सदस्यीय समिति में एक अस्थायी चयनकर्ता को जोड़ा गया है। वैभव सूर्यवंशी को उपकप्तानी उनके बेहतरीन प्रदर्शन के बाद मिली है। हाल ही में भारत अंडर-19 टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने शीर्षक्रम में विस्फोटक शुरुआत दी। ब्रिस्बेन में पहले चार दिवसीय मैच में उन्होंने केवल 78 गेंदों पर शतक जड़कर सबको प्रभावित किया और तीन पारियों में कुल 133 रन बनाए। भारत ने यह सीरीज 2-0 से जीती थी ।इससे पहले इंग्लैंड दौरे पर भी उनका बल्ला खूब चला था। वॉर्सेस्टर में खेली गई उनकी 143 रन की पारी युवाओं के एक दिवसीय मुकाबलों में सबसे तेज शतक थी। उस सीरीज में उन्होंने 174.01 की स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाकर सर्वाधिक रन स्कोरर का खिताब जीता था।

**बिहार की टीम**

पीयूष कुमार सिंह, भास्कर दुबे, साकिबुल गनी (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी (उपकप्तान), अर्णव किशोर, आयुष लहारुका, बिपिन सौरभ, अमोद यादव, नवाज़ खान, साकिब हुसैन, रघवेंद्र प्रताप सिंह, सचिन कुमार सिंह, हिमांशु सिंह, खालिद आलम और सचिन कुमार।

# जयपुर पोलो टीम ने जीता बीएम बिड़ला कप

**जयपुर, 13 अक्टूबर (वार्ता)** जयपुर पोलो टीम ने रविवार को राजस्थान पोलो क्लब में डायनामिक्स अचीवर्स को 6-5 से हराकर बीएम बिड़ला कप जीतकर इस सीज़न की अपनी दूसरी ट्रॉफी अपने नाम की।

जयपुर के महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह और लांस वॉटसन की जोड़ी ने दो-दो गोल दागकर जयपुर को एक ऐसी जीत दिलाई जो आने वाले दिनों में प्रशंसकों के जेहन में हमेशा के लिए दर्ज हो जाएगी।

पहले चक्कर से ही मुकाबला कांटे का रहा और दोनों टीमें पहले पीरियड में 1-1 से बराबरी पर रहीं। जयपुर के लिए वंदित गोलेचा और डायनामिक्स के लिए शिवांगी जय सिंह ने गोल किए। दूसरे चक्कर में डायनामिक्स ने बढ़त बना ली और जबरदस्त आक्रामक रुख दिखाते हुए डैनियल ओटामेंडी के जरिए दो गोल दागे।

- डायनामिक्स अचीवर्स को 6-5 से किया पराजित

तीसरा चक्कर भी डायनामिक्स के नाम रहा, जहां ओटामेंडी ने अपना तीसरा गोल किया और शिवांगी सिंह ने भी दो गोल दागे, जिससे तीसरे चक्कर के अंत में डायनामिक्स 5-2 से आगे हो गया।

**डेनमार्क ओपन** ▶ लक्ष्य सेन हांगकांग ओपन में उपविजेता की यादें लेकर उतरेंगे कोर्ट पर

# लक्ष्य सेन, चिराग-सात्विक की जोड़ी करेगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

**लक्ष्य सेन पुरुष एकल में पेरिस 2024 सेमीफाइनल अनुभव के साथ उतरेंगे**

**चिराग शेट्टी-सात्विक पुरुष युगल में खिताब के लिए संघर्ष करेंगे**

**आयुष शेट्टी और साई प्रतीक-पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय भी पुरुष वर्ग में शामिल**

**नयी दिल्ली, 13 अक्टूबर। मंगलवार से शुरू हो रहे डेनमार्क ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की ओर से पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी मुख्य चुनौती पेश करेंगे।**

लक्ष्य सेन, जो पिछले साल पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट थे, इस सीज़न में 10 बार पहले दौर से बाहर हुए हैं। पिछले महीने हांगकांग ओपन में उपविजेता रहना उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। उनके साथ, यूएस ओपन 2025 पुरुष एकल विजेता आयुष शेट्टी भी इस वर्ग में हिस्सा लेंगे।

छठी वरीयता प्राप्त चिराग-सात्विक की पुरुष युगल जोड़ी पिछले महीने हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स में लगातार उपविजेता रहने के बाद अब खिताब जीतने की कोशिश में होगी।

साई प्रतीक के और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय भी पुरुष युगल ड्रॉ में शामिल हैं।अनमोल खरब महिला एकल वर्ग में भारत की एकमात्र खिलाड़ी हैं। पिछले सप्ताह आर्कटिक ओपन सुपर 500 के सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है।

इसके अलावा, मिश्रित युगल में ओलंपियन तनिषा क्रैस्टो-ध्रुव कपिला चुनौती का नेतृत्व करेंगे, जबकि कविप्रिया सेल्वम-सिमरन सिंघी और रुतपर्णा पांडा-श्वेतापर्णा पांडा महिला युगल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

